दिनांक 24 मार्च, 2023 की बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 24 मार्च, 2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) प्रवेश परीक्षा पैटर्न के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष/प्रभारी विभागाध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अधो–निर्दिष्ट महानुभावों ने उपस्थित रहकर प्रतिभाग किया :–

1. प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री, कुलपति – अध्यक्ष
2. श्री गिरीश कुमार अवस्थी, कुलसचिव।
3. श्री दिनेश कुमार, उपकुलसचिव, परीक्षा।
4. प्रो. दिनेश चंद्र चमोला, विभागाध्यक्ष, भाषा एवं आधुनिक ज्ञान विज्ञान विभाग।
5. डॉ. प्रतिभा शुक्ला, संकायाध्यक्ष।
6. डॉ. हरीश चन्द्र तिवाड़ी, विभागाध्यक्ष, साहित्य विभाग।
7. डॉ. कामाख्या कुमार, संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, योग विज्ञान विभाग।
8. डॉ. अरुण कुमार मिश्र, प्रभारी विभागाध्यक्ष, वेद विभाग।
9. डॉ. उमेश कुमार शुक्ल, प्रभारी विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता विभाग।
10. डॉ. अजेन्द्र कुमार, बाह्य सदस्य, गु.कां.वि.वि. हरिद्वार।
11. डॉ. दामोदर परगांई, सहायक आचार्य, पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा, संयोजक।

बैठक में सर्वसम्मति से अधो–निर्दिष्ट निर्णय लिये गये :–

1. शोध की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता हेतु विद्यावारिधि (पीएच.डी.) प्रवेश परीक्षा में दो खण्ड 'क' एवं 'ख' होंगे। खण्ड 'क' में 50 प्रश्न शोध पद्धति के पूछे जायेंगे जिसका पूर्णांक 100 अंकों का होगा। खण्ड 'ख' में भी सम्बन्धित विषय से 50 प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका पूर्णांक 100 अंकों का होगा। अर्थात् एक ही प्रश्नपत्र होगा जिसमें 02 खण्ड होंगे। पूर्णांक कुल 200 अंकों का होगा। दोनों खण्डों में प्रश्नों का प्रारूप (पैटर्न) वस्तुनिष्ठात्मक/बहुविकल्यात्मक होगा।

<u>विशेष</u> :– उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार विद्यावारिधि (पीएच.डी.) अध्यादेश के 5.4.1 के अनुसार प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय तथा विवरणात्मक/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न सम्मिलित होंगे। इस अंश पर बैठक में पारदर्शिता की दृष्टि से आंशिक संशोधन करते हुए तथा विवरणात्मक/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न के स्थान पर वस्तुनिष्ठात्मक एवं बहुविकल्पीय पैटर्न पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी।

2. विद्यावारिधि (पीएच.डी.) प्रवेश परीक्षा में प्रथम खण्ड शोध पद्धति में भाषा का माध्यम हिन्दी एवं अंग्रेजी होगा। खण्ड ख पारम्परिक विषयों में/शिक्षाशास्त्र विषय में का माध्यम संस्कृत होगा। इस पर बैठक में सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

24/3/23 दिनेश कुमार

24.3.23

24.3.2023

24/03/23

24/3/23

प्रतिभा शुक्ला 24-3-23

24/03/2023

24.03.23

24/3/23